प्रताप नगर में 28, मानसरोवर में 22 और नायला में होगा 16 दुकानों का आवंटन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं आवेदन

चौपाटियों की दुकानों के संचालन के लिए आवेदन मांगे

राजस्थानी, दक्षिण भारतीय, सिंधी और जैन भोजन समेत अनेक व्यंजन होंगे उपलब्ध

प्रत्येक चौपाटी पर स्थापित होंगे अत्याधुनिक सेनेटाइजेशन स्टेशन

जयपुर, समाचार जगत न्यूज। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल द्वारा प्रताप नगर, मानसरोवर और नायला में बनने वाली चौपाटियों की दुकानों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए भारतीय पारम्परिक भोजन में पारंगत व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर चौपाटी प्रताप नगर में 28 दुकानों, मानसरोवर में 22 दुकानों और नायला में 16 दुकानों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 31 जुलाई, 2020 तक आवेदन किया जा सकता है। जयपुर चौपाटियों को विरासतता की अवधारणा पर पर्यटकों एवं आगन्तुकों के लिये विकसित किया गया है, जिसमें परम्परागत भारतीय जलपान, भोजन शेष पृष्ठ 7 पर

1 किलोमीटर के क्षेत्र में विकसित होगा प्रताप एवेन्यू

राजस्थान आवासन मंडल द्वारा प्रताप नगर चौपाटी के पास प्रदेश में पहली बार 1 किलोमीटर क्षेत्र में प्रताप स्ट्रीट एवेन्यू विकसित किया जाएगा। इस पूरे क्षेत्र में सजावटी पौधे लगाए जाएंगे, जॉगिंग ट्रेक बनाया जाएगा, बैठने के लिए बेंचें लगाई जाएंगी और रंग-बिरंगी लाइटों से इसे सजाया जाएगा। इस एवेन्यू को विदेशों की फूड स्ट्रीट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यहां आने वाले लोग चौपाटी पर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए आकर्षक एवेन्यू पर चहलकदमी का आनंद ले सकेंगे। यहां आकर लोगों को विदेशों जैसा फील होगा। शेष पृष्ठ 7 पर